पत्रिका

नकली नोट छापकर बाजार में चला रहे थे, नाबालिग समेत दो आरोपियों से मिले पांच सौ रुपए के 43 नकली नोट

छिंदवाड़ा. कम्प्यूटर व कलर प्रिंटर से पांच सौ रुपए के नकली नोट छापकर सौंसर के रामाकोना की दो दुकानों में चलाने के प्रयास में पुलिस ने एक नाबालिग समेत दो आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से पांच सौ रुपए के 43 नोट जब्त किए है जो कि 21500 रुपए के है। इस मामले का मास्टर माइंड अभी फरार है जिसका कम्प्यूटर, कलर प्रिंटर, नोट छापने वाले कागज जब्त किए गए है। शनिवार को घटना सामने आने के बाद शिकायत पर सौंसर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी। पुलिस ने इस मामले में एक नाबालिग तथा आदित्य (22) पिता गोपाल दिहारे निवासी खांडसिवनी सौंसर को पकड़ा है। इस मामले का रविवार को प्रेस कांफ्रेंस कर पांढुर्ना के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी ने खुलासा किया है।

Source: https://www.patrika.com/chhindwara-news/they-were-printing-fake-notes-and-circulating-them-in-the-market-43-fake-notes-of-rs-500-were-recovered-from-two-accused-including-a-minor-19546899